महिला उद्यमियों को पेशेवर बनाएगा फ्लो

फ्लो इंदौर चेप्टर का शुभारंभ

इंदौर 10 दिसंबर. इंदौर में फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन के 11 वें चेप्टर के शुभारंभ के साथ ही भारत के हृदयस्थली राज्य मध्यप्रदेश में फ्लो की उपस्थिति दर्ज हो गई. इस अवसर पर फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूरचा, वूमन वीव चेरिटेबल ट्रस्ट की सीईओ और संस्थापक सॅली होल्कर, पूर्व महापौर उमा शशि शर्मा तथा चिकित्सक डॉ. दिव्या गुप्ता सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

कार्यक्रम के आरंभ में फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीता बूचरा ने फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन के बारे में अत्यधिक प्रभावी प्रस्तुति देते हुए महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संगठन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि संगठन नेटवर्क तथा उसके व्यवसाय को बढाने में भरपूर अवसर प्रदान करता है. फ्लो का मुख्य कार्य महिलाओं के कौशल को बढ़ाने तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अवसर निर्मित करने के लिए कौशल विकास पहलों पर केन्द्रित है. जयपुर में 16 दिसंबर 2014 को आयोजित होने वाली अंतर्राज्यीय बैठक के दौरान ''भारत मे महिलाओं को प्रभवित करने वाले कानूनो' पर एक रेडी रेकनर'' क्रिएटिंग एन इनेबलिंग एनवायरमेंट फार वूमन्स एंटरप्रोन्यर्रिशप इन इंडिया' पर यूनेस्केप के अध्ययन को जारी किया जाएगा. ग्रामीण महिलाओं को बाजारों में ज्यादा रोजगार हासिल करने तथा वहां अपनाए जाने लायक बनाने के लिए फ्लो तृणमूल स्तर पर उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. .

महिलाओं की उत्कृष्टता के लिए होगा काम

उन्होंने कहा कि जब इंदौर मे प्रतिस्पर्धात्मक उद्यमिता की बात आती है इंदौर की महिलाओं ने विभिन्न उद्योगों में उल्लेखनीय रूप से अपने कदम जमा रखे है. फ्लो का मकसद उद्यम इंदौर मे महिला उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को बढ़ावा देना तथा उन्हें पेशेवर रूप से विकसित होने में मदद करना है. इंदौर चेप्टर उद्यमिता को बढावा देने तथा महिलाओं मे उत्कृष्टता के लिए काम करेगा साथ ही यह विभिन्न क्षमता निर्माण, कौशल उन्नयन, नीति समर्थन, उद्योग गोल मेज तथा अन्य गतिविधियों के अंतर्गत वैचारिक नेतृत्व के माध्यम से तृणमूल, मध्य तथा वरिष्ठ तीन स्तरों पर महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को भी संचालित करेगा. इस अवसर पर सुश्री आरती सांघी को इंदौर चेप्टर की पहली अध्यक्षा घोषित किया गया. अपने अनुमोदन भाषण में सुश्री सांघी ने कहा कि मुझे इस अवसर को प्रदान करने के लिए मैं फ्लो की आभारी हूं. मुझे आशा है कि इस पद के सारे दायित्वों को निभाने में मैं कामयाब रहूंगी.